एनआईसी तेलंगाना: हिन्दी तकनीकी कार्यशाला / संगोष्ठी, दिनांक 27 मार्च 2026

इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा **“हिन्दी तकनीकी कार्यशाला / संगोष्ठी”**, दिनांक **27 मार्च 2026** को **स्कोप कनवेंशन सेंटर, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली** में आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि इस कार्यशाला में **श्री एस. कृष्णन, सचिव,** इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय विशिष्ट अतिथि **श्रीमति अंशुली आर्य, सचिव – राजभाषा विभाग**, **गृह मंत्रालय**, **डी.जी. एन.आई.सी. श्री अभिशेक सिंह** एवं **तुलिका पाण्ड़ेय वैज्ञानिक जी**. शामिल रहे।

लेख पाठन **श्री अजय मधुकर जोशी, उप महानिदेशक, एन.आई.सी. एच.ओ.जी. राजभाषा** के अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यशाला में कई प्राँतों एवं विभागो से शोध लेख आमंत्रित किए गए। जिसमें **सिड़ैक, एच.सी.एल. एवं मंत्रालय** के अन्य विभाग ने भी लेख पठन किया।

विषय वर्गीकरण के अनुसार पुरस्कार वितरित किए गए। “**इमरजिंग ट्रेण्डस इन साईबर सुरक्षा**” के विषय पर हमारे राज्य से **श्री पिसाय श्रीनाथ राव, वरिष्ठ निदेशक** को **प्रथम पुरस्कार** से सम्मानित किया गया। तकनीकी लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए शोध पत्र एवं लेख पाठन की नवीन पहल सफल रही। हमारे राज्य से **सुश्री अन्नपूर्णा, वैज्ञानिक ई** विषय **"आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस"** पर अपना लेख पठन किया।

राजभाषा कार्यवयन समिति हैदराबाद की ओर से हम अपने **एस.आई.ओ. एवं उप महानिदेशक श्री.जी.प्रसाद** को उनके द्वारा दिए गए सभी समर्थन और तकनीकी शोध पत्र प्रस्तुत करने और इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु धन्यवाद देते हैं।

सुश्री अन्नपूर्णा, वैज्ञानिक ई

आलेख – **श्री. ख़ाजा इम्तियाज़ अहमद, वैज्ञानिक ई** एवं **नोड़ल अधिकारी (हिन्दी)**

****